



नया इंडिया
राजस्थान
भीलवाड़ा

आज होगा सदी की सबसे लम्बी अवधि का चंद्रग्रहण

भीलवाड़ा। कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा 19 नवंबर को इस साल का आखिरी चंद्रग्रहण होगा। इसे सदी का सबसे बड़ा चंद्रग्रहण माना जा रहा है। 59 साल बाद गुरू-शनि मकर राशि मे रहते चंद्र ग्रहण इससे 59 साल पहले 19 फरवरी 1962 में हुआ था। इसी वर्ष 5 फरवरी 1962 को सूर्य ग्रहण हुआ था, तब एक विलक्षण योग बना था। भारत में दिखाई देने वाला अगला चंद्रग्रहण 16 मई 2022 को होगा। उस समय एक साथ आठ ग्रह सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र शनि एवं केतु मकर राशि में गोचर कर रहे थे। अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पं सीताराम त्रिपाठी शास्त्री ने बताया कि भारत के अतिरिक्त यह ग्रहण पश्चिम अफ्रीका, पश्चिम यूरोप, उत्तरी तथा दक्षिणी अमेरिका, ऐशिया आस्ट्रेलिया, अटलांटिक, महासागर में दिखाई देगा। थाईलैंड, भारत के पूर्वोत्तर भागन चीन, रूस में दिखाई देगा। पं. त्रिपाठी के अनुसार यह ग्रहण करीब 3 घंटे 28 मिनट का रहेगा। भारतीय समयानुसार ग्रहण का आरंभ 12:48 बजे दोपहर मध्य दोपहर 2:33 बजे तथा मोक्ष शाम 4:47 बजे होगा। यह इस साल का दूसरा एवं अंतिम चंद्र ग्रहण होगा।

शिक्षकों का किया सम्मान

भीलवाड़ा। जिला मुख्यालय स्थित सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बेहतरीन कार्यों के लिए शिक्षकों का सम्मान किया गया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। समारोह में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रत्याशी अनिल डांगी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने संबोधित करते हुए स्कूल प्रबंधन को बेटियों को बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए स्कूल विकास के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। पूर्व प्रधान सुवाणा भंवर लाल गर्ग, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मंजू पोखरना, डीएमएफटी सदस्य मोहम्मद हारुण रंगरेज, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष योगेश सोनी, समसा के अतिरिक्त जिला परियोजना अधिकारी प्रहलाद पारीक, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक बंशीलाल कीर, एडीईओ नारायण जागेटिया बतौर अतिथि मौजूद थे।

सर्दी में आया सावन, रिमझिम बारिश और बादलों ने छुटाई लोगों की धूजणी

दिनभर बरसते रहे मेघ, बिजली की आंख मिचौली से आमजन हुए परेशान।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

प्रदेश में तेजी से बदलते मौसम के बीच दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश संभावना सही साबित हुई। पिछले दो दिनों से मौसम के तेवर नरम होने व सूर्यदेव के दर्शन नहीं देने के बाद मावठ की बूंदाबांदी ने आमजन को धूजा दिया। बुधवार दोपहर बाद शुरू हुई शीत लहर के बाद गुरुवार को सुबह भीलवाड़ा शहरी क्षेत्र में हल्की जबकि गांवों में मध्यम बारिश हुई है। बारिश व शीत लहर ने लोगों की धूजणी इस तरह छुटाई की उन्हें सर्दी से निजात पाने के लिए अलाव तक का सहारा लेना पड़ा। मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकलने वाले लोगों की संख्या में भी काफी कमी आई। बाजारों में भी दोपहर तक कोई खास चहल पहल नहीं रही। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में खेतो में सरसों, चना व गेहूं की फसल की बुवाई होने के बाद इस बारिश से फसलों को काफी फायदा मिलेगा। इधर शहर में बारिश के चलते गुरुवार सुबह घर से बाहर निकले लोगों को कार्यस्थल तक पहुंचना धूजणी छुटाने वाला रहा। मौसम विभाग की माने तो गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी भीलवाड़ा के साथ ही प्रदेश के कोटा, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग मे हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। बारिश के बाद नवंबर के अंत तक शीतलहर का असर चरम पर होगा। फिलहाल नवम्बर के दूसरे पखवाड़े के शुरू होने के साथ ही दिन और रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मावठ की बारिश ने सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों को भिगोया। प्रातः 9 बजे हल्की बूंदाबांदी का दौर शुरू हुआ, जो धीरे-धीरे बढ़ने लगा और बाद में रिमझिम बारिश गिरने लगी। सुबह से ही लगातार रिमझिम बारिश का दौर जारी रहने से किसानों को भी फायदा होगा।

खेतों में सरसों, चना और गेहूं की फसल के लिए यह बारिश अच्छी है। जिन किसानों ने मक्के की फसल को काटकर सुखाने के लिए रख रखा उन्हें नुकसान भी होगा। पशुपालकों का भी खेतों में रखा हुआ चारा बारिश से खराब होगा। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष बद्रीलाल तेली ने बताया कि इस समय मावठ रूपी बारिश अफीम सहित सभी फसलों के लिए अमृत रूपी बरस रही हैं। मावठ की इस बारिश से फसलों को काफी फायदा मिलेगा। वैसे तो पोष व माघ महीनों की ठंड बड़ी असहनीय होती है मगर इस बार कार्तिक मास में ही सर्दी ने दस्तक दे दी है जिसके चलते इन दिनों अब सर्दी अपने तेवर दिखाने लगी हैं। ऊपर से पिछले दो दिनों से मौसम ने भी अपने तेवर नरम कर रखे होने से सूर्यदेव के दर्शन भी आंखमिचौली में लुप्त हैं। और रही सही कसर मावठ की बूंदाबांदी ने पूरी कर रखी होने से अब गलन भी महसूस होने लगी है। ऐसे में आमजन अब सुबह शाम गर्म कपड़े पहनने लगे हैं। तो दाल ढोकलों के साथ ही गर्मागर्म चाट पकोड़े जैसे व्यजनों के चटकारे भी शुरू हो गए हैं।

वहीं दिनभर बिजली विभाग के मेंटीनेंस के लाख दावों के बावजूद बिजली की आंख मिचौली चलती रही। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

फटाफट

माधव गौशाला में हुआ हवन

भीलवाड़ा। माधव गो विज्ञान अनुसंधान संस्थान की ओर से नोगांवा स्थित माधव गौशाला के सांवलिया सेठ मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार को राष्ट्र की समृद्धि एवं सुख शांति की कामना को लेकर हवन का आयोजन किया गया। मानव कल्याण की कामना को लेकर हुए इस हवन के मुख्य यजमान मोनू छीपा थे। यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्रचार प्रमुख दिलीप व्यास ने बताया कि पंडित रमाकांत आचार्य व पंडित राजू द्वारा पूरे विधि विधान से हवन सम्पन्न कराया गया। यह हवन गौशाला द्वारा निर्मित कण्डो व घी से किया गया। हवन के बाद महाआरती की गई। सुबह भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। माधव गौशाला में गायों को लापसी भी खिलाई गई। इस मौके पर अजित सिंह, सूरज सिंह, पुजारी दीपक पाराशर, बाबूलाल मीणा आदि मौजूद थे। इससे पूर्व संस्थान की प्रेरणा से श्री रामनाथ,बंशीलाल सोढाणी चेरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से प्रकाशित गो माता पर आधारित कैलेंडर का विमोचन बुधवार को नोगांवा सांवलिया सेठ मंदिर के प्रांगण में हुआ। प्रचार प्रमुख दिलीप व्यास ने बताया कि कैलेंडर में माधव गौशाला में चल रहे प्रोजेक्ट के फोटो, सम्मेलन में पधारे संतो व राष्ट्रीय पदाधिकारियों के फोटो, गौ माता की कृपा से चल रहे गैस प्लांट एवं खाद निर्माण के फोटो व गौ माता की महिमा के स्लोगन आदि का समावेश किया गया है।

अरवड ने कबड्डी का खिताब जीता

अरवड़। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नई अरवड़ विद्यालय के खिलाड़ियों की टीम ने आलोली सहाड़ा मे आयोजित हो रही 65वीं जिला स्तरीय 14वर्षीय कब्बडी प्रतियोगिता मे फाइनल मे नई अरवड़ विद्यालय की टीम प्रथम विजेता रही। टीम कोच शा. शि. केसर सिंह चौहान व टीम प्रभारी राजेश बैरवा ने बताया कि प्रतियोगिता मे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नई अरवड़ (शाहपुरा वृत) व आसींद वृत की टीमो के बिच फाइनल मैच खेला गया जिसमे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नई अरवड़ (शाहपुरा वृत) की टीम ने 56-50 से फाइनल मे विजय प्राप्त की।

उद्यमिता संवेदीकरण पर कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

संगम यूनिवर्सिटी के द्वारा उद्यमिता प्रोत्साहन पर विशेष कार्यशाला का आयोजन यूनिवर्सिटी सभागार में किया गया। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग प्रमुख अनुराग शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. जी.एल. पुतामबेकर रहे जो की स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर एवं प्लेसमेंट्स जैसे क्षेत्रों में अपनी विशेष सेवाएं दे रहे है। कार्यशाला के प्रथम चरण में संगम यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो. डॉ करुनेश सक्सेना ने विद्यार्थियों को उद्यमिता प्रोत्साहन की जरुरत एवं यूनिवर्सिटी की उद्यमिता प्रोत्साहन को लेकर आगामी रुपरेखा भी बताई। कार्यशाला के द्वितीय चरण मे प्रो. जी.एल. पुतामबेकर ने सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजनाओ के बारे में अवगत कराया और शैक्षणिक ज्ञान के साथ ही साथ व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. डॉ राजीव मेहता ने विद्यार्थियों को जॉब सीकर नहीं, क्रिएटर बने को प्रोत्साहित किया। प्रो. डॉ विभोर पालीवाल डीन, प्रबन्धन विभाग ने विद्यार्थियों के उद्यमिता से जुड़े सवालो के जवाब दिए एवं मैनेजमेंट विभाग की छात्रा वंशिका राठौर द्वारा सभी वक्ताओं को धन्यवाद देकर कार्यशाला का समापन किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में आशीष वर्डिया, अतुल पराशर, अक्षत शर्मा, धर्मेंद्र, हिमांशु एवं तकनीकी सहायता के लिए विष्णु, वीरेंदर, अभिन्न, रवि शर्मा का सहयोग सराहनीय रहा।

डिस्कॉम ने बिजली चोरों पर लगाम के लिए एसीई प्रोजेक्ट थमाई

भीलवाड़ा वृत में बाकी चल रही 51 करोड़ की बिजली बिल राशि।

Electricity Bill

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

उपभोक्ताओं ने बिजली तो खूब जलाई। अब बिल भरने में आनाकानी कर रहे हैं। भीलवाड़ा वृत्त मे ऐसे उपभोक्ताओं पर 51.05 करोड़ रुपए लंबे समय से बकाया चल रहे हैं। इनमें 18.70 करोड़ रुपए तो उन उपभोक्ताओं में जिनका बिजली कनेक्शन स्थायी रूप से काट दिया गया है। वहीं 32.35 करोड़ रुपए नियमित उपभोक्ताओं पर चढ़े हैं। इस बाकियात मे भी सर्वाधिक 22.21 करोड़ रुपए सरकारी विभागों में हैं। शहर की सड़कों को रोशन करने के लिए निकायों में ही 13 करोड़ रुपए बाकी है। ग्राम पंचायतों में भी 15.84 करोड़ रुपए बकाया है। इनमें 9.90 करोड़ रुपए तो जनता जल योजना के शामिल हैं। इसके अलावा 5.94 करोड़ रुपए पंचायत भवनों, गांवो में स्ट्रीट लाइट, ट्यूबवेल आदि के बाकी हैं। अन्य विभागों में भी बिलों का पैसा बाकी है। आम उपभोक्ताओं का बिल देरी से जमा होने पर कनेक्शन काट देने वाला बिजली निगम सरकारी विभागों से पैसा वसूल नहीं कर पा रहा। भीलवाड़ा सर्किल में बिजली चोरी व छीजत 5.60 प्रतिशत है, जबकि एवीवीएनएल मे यह आंकड़ा 11.20 प्रतिशत है। अजमेर डिस्कॉम के अपने क्षेत्र मे उपभोक्ताओं पर 1398.99 करोड़ रुपए का भुगतान बकाया है। यही वजह है कि बिजली चोरों पर लगाम और इस साल राजस्व वसूली का लक्ष्य हासिल करने के लिए अजमेर विद्युत वितरण निगम ने सीनियर अधिकारियों को कमान सौंपी है। डिस्कॉम के एमडी वीएस भाटी खुद सबसे ज्यादा बिजली चोरी, छीजत और राजस्व बकाया वाले नागौर जिले की कमान संभालेंगे। नागौर सर्किल में उपभोक्ताओं पर 433.65 करोड़ रुपए बाकी है। भीलवाड़ा मे एडिशनल चीफ इंजीनियर (प्रोजेक्ट) अशोक शर्मा को लगाया गया है। एमडी भाटी ने निगम के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को भी फील्ड मे भेजने के निर्देश दिए हैं। सभी को लक्ष्य देकर कनेक्शन काटने या वसूली करने को कहा है। अजमेर डिस्कॉम ने इस वित्तीय वर्ष में 102 प्रतिशत राजस्व तथा 11 प्रतिशत से कम विद्युत छीजत का लक्ष्य रखा है।

29 व 30 को कर्मचारी बांधेगे काली पट्टी, एक से कैंपों का बहिष्कार

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की प्रदेश संघर्ष समिति ने राज्य सरकार के खिलाफ असहयोग आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। महासंघ से संबद्ध सभी कर्मचारी 29 व 30 नवंबर को प्रशासन गांवों के संग तथा शहरों के संग अभियान के कैंपो मे काली पट्टी बांधकर सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक प्रदर्शन करेंगे। एक से तीन दिसंबर तक कैंपो का बहिष्कार एवं कलमबंद असहयोग किया जाएगा। उपखंड कार्यालयों के बाहर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक धरना-प्रदर्शन होगा। उपखण्ड स्तर असहयोग आंदोलन के नोटिस के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत भीलवाड़ा में उपखंड अधिकारी भीलवाड़ा ओम प्रभा को मुख्य सचिव के नाम असहयोग आंदोलन का नोटिस दिया गया। ज्ञापन प्रस्तुत करने वालों में जिला मंत्री शिव सिंह चौहान के अलावा पटवार संघ के जिलाध्यक्ष सौमित्र दाधीच, राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के जिलाध्यक्ष अशोक जीनगर, कानूनगो संघ के जिला मंत्री अरुण तिवाड़ी, शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुनील खोईवाल, सहायक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रघुनाथ शर्मा, कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिला मंत्री रतन लाल शर्मा, ललित जोशी, राम नानकानी, लालसिंह राणावत, अंगवीर पानगड़िया, राजेन्द्र सिंह, महावीर माली, श्याम लाल शर्मा, माधु लाल शर्मा, रणजीत सिंह, दिनेश आदि शामिल थे। जिला मंत्री शिव सिंह चौहान ने बताया कि नोटिस में मांग की गई है कि कर्मचारी लंबे समय से आंदोलनरत है। राज्य सरकार द्वारा राज्य कर्मचारियों की मांगों पर बेरुखी कायम है, जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में राज्य सरकार के खिलाफ असंतोष उभर रहा है। राज्य सरकार द्वारा कर्मचारी मांगों का जल्दी ही समाधान किया जाए अन्यथा असहयोग आंदोलन से प्रदेश में अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो जाएगी जिसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार होगी।

सुर्खियां

मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह ने लिया आचार्य महाश्रमण से आशीर्वाद

भीलवाड़ा। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने जैन धर्म श्वेतांबर तेरापंथद्ध के शांतिदूत आचार्य महाश्रमण से भीलवाड़ा मे मुलाकात कर शुभाशीष लिए। खास बात यह है कि मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने आचार्य महाश्रमण के सम्मान मे उनके सम्मुख कुर्सी पर नहीं बैठकर आचार्यश्री के श्रीचरणों में बैठकर आशीर्वाद लिया। मेवाड़ आचार्यश्री के पूज्यचरणों में इस प्रकार बैठे मानो उनका कोई अनन्य शिष्य श्रीचरणो में बैठा हो। लक्ष्यराज सिंह ने इस अवसर पर कहा कि जिन्होंने शस्त्र उठाए हैं वे वीर हैं और जिन्होंने शस्त्र त्यागे हैं वे महावीर हैं। देश की अस्मिता की रक्षा के लिए शस्त्र उठाने वाले वीरों का हम सबके हृदय में सम्मान है और जिन्होंने शस्त्र त्यागे हैं या रखवा दिए हैं उन महावीर के प्रति हमारे हृदय में अटूट मान.सम्मान है। मेवाड़वासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि सर्वाधिक जैन मंदिर मेवाड़ में हैए क्योंकि सर्वधर्म के लिए सर्वाधिक सुरक्षित क्षेत्र मेवाड़ ही रहा है।

भाविप की बैठक में स्वरूप एवं उद्देश्य पर हुई विस्तृत चर्चा

भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद भीलवाड़ा की बैठक हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व रीजनल चेयरमैन डीडी शर्मा ने भीलवाड़ा प्रवास के दौरान शहर की सभी शाखाओ के दायित्वधारियों एवं स्थानीय प्रांतीय संयोजक, रीजनल व राष्ट्रीय दायित्वधारियों के साथ बैठक की। बैठक में परिषद के विभिन्न प्रकल्पों के स्वरूप एवं उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा हुई। शाखा के दायित्वधारियों द्वारा विभिन्न विषय अध्यक्ष के सम्मुख रखे जिसमें मुख्यतः समूहगान प्रतियोगिता, सरल सामूहिक विवाह का आयोजन, संपर्क और राष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन की चर्चा की गई। डीडी शर्मा ने अपने मार्गदर्शन में परिषद के मुख्य उद्देश्य एवं रीति नीति के संदर्भ मे दायित्वधारियों को अवगत कराया साथ ही जयपुर में प्रस्तावित रीजनल कार्यालय की जानकारी बैठक में रखी। उन्होंने अपने उद्बोधन में राजस्थान मध्य प्रांत द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी दायित्वधारियों का आभार व्यक्त किया।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
निविदा आमंत्रण सूचना
इस कार्यालय की खुली निविदा संख्या 04 वर्ष 2021-22 के अंतर्गत अनुभवी फर्म/ठेकेदारों से इस वृत के अधीन निम्न कार्य Installation, erecting, testing & commissioning with supervision of 500 MVA, 400/220/ 33KV Auto Power Transformer at 400 KV GSS Bhilwara कार्य के लिये बोली इच्छुक बोलीदाताओं से 28.11.2021 को दोपहर 4.00 तक आमंत्रित की जाती है। बोली के अन्य विवरण पोर्टल www.energy.rajasthan.gov.in/rvpnl, https://eproc.rajasthan.gov.in तथा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। कालांतर में तारीख बढ़ाने की सूचना/संशोधन यदि कोई है, तो वह उपरोक्त संबंधित वेबसाइटों पर ही सूचित/प्रकाशित की जायेगी। (UBN No. VPN2122WSOB00962)
रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6281/2021
जन संपर्क/सी/21/6617
अधीक्षण अभियन्ता (प्र. व नि.), भीलवाड़ा

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
दूरभाष: 011-27674615 | ई-मेल: [email protected]
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com
शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कम्पनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए है और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक/दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं.	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरों की सं.
1.	डी.ए. नागराजन-12022	28400	2820471-2820570	100
2.	गटवरलाल लाहोटी-1354	6371-6372	617571-617770	200

किसी भी व्यक्ति जिसके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए, जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 18-11-2021
स्थान: नई दिल्ली

गांजे के साथ दो गिरफ्तार

भीलवाड़ा। शहर की सुभाषनगर थाना पुलिस ने एक किलो आठ सौ ग्राम गांजे के साथ एक युवक को और सप्लाई लेने आने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई प्रताप नगर थाना प्रभारी राजेंद्र गोदारा को सौंपी गई है। प्रताप नगर पुलिस अब आरोपित से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह यह गांजा कब और कहां से लाया। जानकारी के अनुसार सुभाषनगर थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया बीती रात गश्त पर थी। इस दौरान चामुंडा माता मंदिर के पास बाइक के साथ खड़ा युवक पुलिस वाहन को देखकर जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की तो उसने खुद को नेहरू रोड निवासी मथुरा 26 पुत्र मोहनलाल बताया। पुलिस को आरोपित की बाइक पर रखी पॉलिथिन की एक थैली मिली, जिसमें 1 किलो 800 ग्राम गांजा था। पुलिस ने मथुरा को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने बताया कि यह गांजा वह सनोदिया निवासी उम्मेद सिंह पुत्र गोपालसिंह राजपूत को देने प्राईवेट बस स्टैंड जाने की बात कबूल की।

विषाक्त सेवन से 8 बच्चों की बिगड़ी हालत

भीलवाड़ा। जिले के आसींद क्षेत्र के भोजपुरा गांव में खेल-खेल में रतनजोत के बीज खाने से एक साथ 8 बच्चों की हालत बिगड़ गई। इन बच्चों को पहले आसींद व बाद में महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस के अनुसार आसींद क्षेत्र के भोजपुरा गांव में बीती रात नमन 11 पुत्र नारायण सुथार, खुशी 3 पुत्री प्रभु, राधिका 6 पुत्री केसूराम, चेतना 5 पुत्री नगजीराम, लक्ष्मण 12 पुत्र हजारी लाल सुथार, नरेश पुत्र कैलाश सुथार व पंकज पुत्र केशवानंद निवासी भोजपुरा और नयलपुरा निवासी कोमल 10 पुत्री बालू सुथार ने खेल-खेल में रतनजोत के बीज का सेवन कर लिया। ऐसे में एक-एक करके सबकी हालत बिगड़ने लगी। अचानक उल्टी की शिकायत होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन, इन बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आसींद ले गये, जहां से इन सभी आठ बच्चों को महात्मा गांधी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। यहां इन बच्चे-बच्चियों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। सभी बच्चों की हालत ठीक बताई गई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि ये सभी बच्चे गांव में ही खेल रहे थे। खेल-खेल में इन बच्चों ने रतनजोत के बीज का सेवन कर लिया। इसके बाद ये बच्चे घर लौटे तो इन्हें उल्टी की शिकायत होने लगी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष तोगडिया कल आ सकते है भीलवाड़ा

भीलवाड़ा। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगडिया 20-21 नवम्बर भीलवाड़ा प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय बजरंगदल के विभाग अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि प्रवीण तोगडिया, राष्ट्रीय मंत्री चन्द सिंह जैन जयपुर से भीलवाड़ा आयेंगे इस दौरान उनका विजयनगर, गुलाबपुरा,रायला, मांडल चौराहे पर स्वागत किया जाएगा।